संत कबीरदास जयंती 2025

चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री ने संत कबीरदास की **648वीं जयंती** के अवसर पर, जिसे **कबीरदास जयंती** **(कबीर प्रकट दिवस)** के रूप में मनाया जाता है, पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य बिंदु

- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:**
  - **कबीरदास जयंती** हर वर्ष **हिंदू पंचांग** के अनुसार **ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि** को मनाई जाती है।
  - **कबीरदास** 15वीं शताब्दी के **कवि, संत** तथा **समाज सुधारक** थे, जिनका जन्म सन् **1440** में **वाराणसी (उत्तर प्रदेश)** में एक **हिंदू परिवार** में हुआ था, लेकिन उनका **पालन-पोषण** एक **मुस्लिम बुनकर दंपत्ति** द्वारा किया गया था।
  - उन्होंने **रामानंद** और **शेख तकी** जैसे **गुरुओं** से **आध्यात्मिक मार्गदर्शन** प्राप्त किया तथा अपने **अद्वितीय दर्शन** को आकार दिया।
- **दर्शन, कार्य और शिक्षाएँ:**
  - वे **भक्ति आंदोलन** में एक **उल्लेखनीय व्यक्ति** थे, जिसमें **ईश्वर के प्रति समर्पण और प्रेम** पर विशेष ज़ोर दिया गया।
  - **भक्ति आंदोलन** की शुरुआत 7वीं शताब्दी में **दक्षिण भारत** में हुई थी, जो 14वीं व 15वीं शताब्दी तक **उत्तर भारत** में फैल गया।
  - उन्होंने **कबीर पंथ** की स्थापना की, जो एक **आध्यात्मिक समुदाय** है, जिसके अनुयायी आज भी **बड़ी संख्या** में विद्यमान हैं।
  - उनके प्रमुख **साहित्यिक योगदानों** में **बीजक**, **साखी ग्रंथ**, **कबीर ग्रंथावली** तथा **अनुराग सागर** शामिल हैं।
  - उन्होंने अनेक **भजन** और **दोहे** लिखे, जिनमें **अंधविश्वास की निंदा** की गई तथा **सामाजिक सुधार**, **स्वतंत्र चिंतन** एवं **आध्यात्मिक एकता** को बढ़ावा दिया गया।
  - **ब्रजभाषा** और **अवधी** बोलियों में लिखी गई उनकी **कविताओं** ने **भारतीय साहित्य** और **हिंदी भाषा** के विकास में **महत्त्वपूर्ण योगदान** दिया।
- **मृत्यु और प्रतीकात्मक विरासत:**
  - **कबीरदास** का निधन सन् **1518** में **मगहर (उत्तर प्रदेश)** में हुआ, जहाँ उनके **अंतिम संस्कार** को लेकर **हिंदुओं और मुसलमानों** के बीच **विवाद** उत्पन्न हुआ।
  - **संत कबीर** की **विरासत** को दोनों **समुदायों** द्वारा **सम्मान** दिया जाता है, वहाँ **हिंदुओं** द्वारा निर्मित **समाधि** है और **मुसलमानों** द्वारा निर्मित **मज़ार**, एक साथ स्थित हैं।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sant-kabirdas-jayanti-2025